### ग्राम त्रिभौना में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

# महतारी सदन के लिए 29 लाख की मिली स्वीकृति एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा

- विकास कार्यों को निरंतर दे रहे गति-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी
- जनसामान्य के समस्याओं के निराकरण हेतु गांवों में आयोजित हो रहा जन समस्या निवारण शिविर, आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**



वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-त्रिभौना में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गांव में ही जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। ताकि जनसामान्य को शिविर का लाभ मिले। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि त्रिभौना में 29 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महतारी सदन के लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शासन सभी वर्गो को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। जिसमें किसानों के हित में विगत 25 दिसम्बर को स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दो साल के बकाया बोनस के साथ ही प्रति एकड़ 21 क्ंविटल धान 3100 रुपये में खरीदी की गई। इसी तरह केलो डेम का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाने का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के किसान प्रगतिशील खेती के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे। शासन द्वारा लंबित आवास निर्माण कार्य को गति देने के साथ ही 9 लाख से अधिक परिवारों को आवास निर्माण हेतु पहला किस्त जारी किया गया है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने एवं उनके पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुसौर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मुझे खुशी है कि यहां के बच्चे अच्छे विश्वविद्यालय में पढ़ रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केवल गिनती की पढ़ाई न करें। शिक्षा वह माध्यम है जो स्किल सीखता है एवं मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही उन्होंने पुसौर क्षेत्र में आज उनके द्वारा किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह क्षेत्र के विकास के लिए आगे भी निरंतर कार्य किए जायेंगे।

ग्राम-त्रिभौना में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 1582 आवेदनों में से 1574 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार आज आयोजित शिविर में 374 आवेदनों में से लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोपिका गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, सरपंच राजीव गुप्ता, विजय अग्रवाल, रत्थू लाल गुप्ता, त्रिनाथ गुप्ता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एसडीएम प्रवीण तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही**

आयोजित शिविर में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत पूर्ण आवासों के 11 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण-पत्र सौंपा। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा दो हितग्राही को आईस बॉक्स एवं दो को मत्स्य जाल वितरण कया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना से लाभान्वित किया गया। एक हितग्राही को अनुदान में पाईप वितरण तथा एक हितग्राही को शाकम्भरी योजना अंतर्गत डीजल पंप प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को पौध वितरण, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत तुरंगा एवं मचिदा के 10 हितग्राहियों को नये स्वीकृत आवास प्रमाण-पत्र तथा 10 हितग्राहियों को प्रथम किस्त का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। साथ ही 5 हितग्राहियों का बी-1 त्रुटि सुधार किया गया। समग्र शिक्षा द्वारा 4 विद्यार्थियों को सहायक सामग्री प्रदाय किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 5 बच्चों का अन्न प्रासन्न कराया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नहर में मिली बालिका की लाश

**खरसिया (आरएनएस)।** कोरबा से निकलनी वाली नहर में पानी में तैरता हुआ एक शव मिला। यह घटना खरसिया थाना अंतर्गत ग्राम बरगढ़ से मोहंदी मायनर में लोधिया के पास की बताई जा रही हैं। शव किसी लडक़ी का बताया जा रहा हैं। जिसकी उम्र लगभग 10 से 12 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर खरसिया पुलिस ने पहुंच कर शव की पहचान करने जुटी हुई है।

### सराईभद्दर में तलवारनुमा हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, जूटमिल पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्यवाई

**रायगढ़।** दिनांक 09.10.2024 को जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सराईभद्दर निवासी तोषराम साहू पिता सुरित राम साहू, उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सराईभद्दर इलाके में तलवारनुमा हथियार लेकर लोगों को डराते-धमकाते हुए पाया गया। उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ा और उसके कब्जे से एक नग लोहे का तलवारनुमा हथियार जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना जूटमिल में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी, त्यौहार को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रालिंग बढ़ा दी है।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 11 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** शारदीय नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर शुक्रवार 11 अक्टूबर को संपूर्ण दिवस के लिए जिले के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। सामान्य अवकाश की तरह स्थानीय अवकाश में भी जिले के शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सभी कलेक्टर को अपने से संबंधित जिले में एक वर्ष की अवधि में तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने का राज्य शासन की ओर से शक्ति प्राप्त है।

### सारंगढ़ में 19 अक्टूबर को होगा दिव्यांग मेडिकल कैंप

**इस माह द्वितीय शनिवार को दशहरा के कारण यह कैंप तृतीय शनिवार को होगा**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप सिविल अस्पताल सारंगढ़ में 19 अक्टूबर को होगा। प्रति माह द्वितीय शनिवार को होने वाला यह कैंप इस माह में 12 अक्टूबर द्वितीय शनिवार को दशहरा त्यौहार होने के कारण अब इस कैंप को परिवर्तन कर तृतीय शनिवार को किया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से मासूम की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** वीवी विहार कालोनी में बाइक की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले में मोवा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नीसु नारायण वर्मा 3 वर्ष ग्राम मुंगेसर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने माता-पिता के साथ वीवी विहार कालोनी मोवा में आया था। जहां बालक नीसु घर के बाहर खेल रहा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजेड 0988 के चालक कृष्ण कुमार ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए मासूम बच्चे को ठोकर मार दिया। जिससे बच्चे की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार, आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब और स्कूटी जब्त, चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़**

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ मुखबिरों की सूचना पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 09.10.2024 को प्रधान आरक्षक संजय तिवारी के साथ चक्रधरनगर पुलिस की टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर संबलपुरी रोड पर नाकेबंदी कर अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की।



मुखबिर से सूचना मिलने पर टीआई प्रशांत राव ने तुरंत टीम को सक्रिय किया, जिसके तहत संबलपुरी रोड पर पुलिस टीम ने नाकेबंदी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी मुक्तिप्रकाश तिग्गा, पिता राजू तिग्गा, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम छोटे रेगडा, थाना चक्रधरनगर, को एक्टीवा वाहन क्रमांक CG 13 AL 3684 में 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरिकेन में लगभग 4,000/- रुपये की महुआ शराब और स्कूटी जप्त की गई। आरोपी मुक्तिप्रकाश तिग्गा के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस शराब रेड कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे और मिनकेतन पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा : डांडिया इवेंट में साइबर सुरक्षा की शपथ

## रोटरी क्लब खरसिया के डांडिया उत्सव में साइबर सेल, रायगढ़ पुलिस एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़**




साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में विभिन्न साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ आम जनता और समाजसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है। इसी क्रम में रोटरी क्लब खरसिया के डांडिया उत्सव में साइबर सेल रायगढ़ पुलिस एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित ग्रैंड डांडिया इवेंट के दौरान विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम खरसिया के स्पाइस ऑफ पंजाब हॉटल में आयोजित हुआ, जहाँ डांडिया खेलने आए प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर सेल के डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को समसामयिक साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डांडिया प्रतिभागियों को अनजान कॉल्स, ओटीपी शेयरिंग, और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी।

रोटरी क्लब खरसिया के अध्यक्ष अनिल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष रुपेश सराफ , राकेश गर्ग और विन्नी सलूजा , हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, विकास शारदा , निलेश अग्रवाल , साहिल शर्मा , लोकेश गर्ग , हिमांशु अग्रवाल, अविचल अग्रवाल , अंबर अग्रवाल , राहुल डनसेना ,शुभम अग्रवाल , विनय कबूलपुरिया के साथ डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अपील की कि वे रायगढ़ पुलिस की "Cyber_subah" अभियान से जुड़ें और खुद जागरूक होकर अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

### महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्यवाई

## कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, आरोपित की दो स्कूटी भी जब्त

**रायगढ़**

दिनांक 09.10.2024 को थाना कोतवाली में एक युवती द्वारा दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुर्गा प्रसाद किसान (26 साल) , निवासी बोंदाटिकरा जुटमिल, को गिरफ्तार कर रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

युवती ने बताया कि करीब 4 वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से दुर्गा प्रसाद से उसकी जान-पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत मैसेन्जर और फोन के माध्यम से होने लगी, जिसके बाद वे अक्सर मिलने लगे। दिनांक 02.07.2021 को दुर्गा प्रसाद ने युवती को स्टेशन चौक बुलाकर होटल में ले जाकर शादी करने का विश्वास दिलाया और शारीरिक संबंध बनाया। इसके अलावा, दुर्गा प्रसाद ने अपनी पीकअप गाड़ी की किस्त चुकाने के नाम पर युवती से लगभग 1,50,000 रुपये भी लिए। दिनांक 25.09.2024 को आरोपी ने घर आकर शादी से इंकार कर दिया और उसके बाद से युवती के प्रयासों के बावजूद उससे संपर्क नहीं कर रहा था। युवती की शिकायत पर थाना कोतवाली में आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 609/2024 धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने त्काल कार्रवाई कर आरोपी दुर्गा प्रसाद किसान के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया जिससे घटना में प्रयुक्त दो वाहनों, स्कूटी प्लेजर क्रमांक CG13-AP-2941 और सुजुकी एक्सेस क्रमांक CG13-W-0418, को भी जप्त कर लिया है, जिसका प्रयोग आरोपित द्वारा अपराध में प्रयुक्त किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में इस महिला संबंधी अपराध पर त्वरित कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, आरक्षक भगवती रत्नाकर, पदमेश डेंजारे, और कमलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## ग्राम छिछोर उमरिया में पुसौर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई, 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**रायगढ़**

दिनांक 10.10.2024 को पुसौर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम छिछौर उमरिया में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित कुमार बंजारे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम छिछौर उमरिया में टेनू सिदार नामक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रेड की योजना बनाई और ग्राम छिछौर उमरिया में टेनू सिदार के कोलाबाड़ी पर छापा मारा।



कार्रवाई के दौरान संदेही टेनू सिदार, पिता गनसा सिदार, उम्र 58 वर्ष, निवासी छिछौर उमरिया के कब्जे से 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक के डिब्बा में महुआ शराब जप्त की गई। शराब की कीमत लगभग 1000 रुपये आंकी गई है। गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर शराब जप्त की गई और आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी टेनू सिदार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

इस शराब रेड कार्रवाई में उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर, आरक्षक आनंद कुजूर, दिलीप सिदार, टीकाराम बरेठ और महिला आरक्षक सुमन बरेठा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने 28 करोड़ 92 लाख की लागत से बनने वाली 5 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

- त्रिभौना में 53 लाख 55 हजार रुपये के कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन
- प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के गृह प्रवेश और भूमि पूजन में भी हुए शामिल

**रायगढ़**






वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज पुसौर विकासखंड में 28 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 5 सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन किया। जिसकी कुल लंबाई 31 कि.मी. है। इस मौके पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाए। वित्त मंत्री चौधरी की पहल पर पुसौर क्षेत्र में छ.ग.शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 सड़कों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिसमें सड़कों का उन्नयन एवं निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, प्रवीण द्विवेदी, यश अग्रवाल, त्रिनाथ गुप्ता, विरेन्द्र पटेल, घनश्याम पटेल, रत्थू लाल गुप्ता, सुरेन्द्र जेना, खीरकुमारी डनसेना, मोहित सतपथी, मनोरंजन साहू, उमेश, जीवन पटेल, ब्रजकिशोर शर्मा, संतोष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**इन सड़कों का होगा निर्माण-** जिन सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है उनमें पुसौर क्षेत्र के जिन मार्गो का उन्नयन एवं निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनमें 8 करोड़ 71 लाख 61 हजार रुपये की लागत से 8.30 कि.मी.लंबाई के कोड़ातराई-पुसौर-सूरजगढ़ मार्ग का उन्नयन कार्य शामिल है। इसी तरह पुसौर-रेंगालपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 10.00 कि.मी.लागत 6 करोड़ 14 लाख 32 हजार रुपये, बड़े भण्डार-उमरिया-पुसौर-रेंगालपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 7.425 कि.मी.लागत 7 करोड़ 95 लाख 12 हजार रुपये, लोहरसिंह-लिंजिर मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.50 कि.मी.लागत 1 करोड़ 75 लाख 97 हजार रुपये तथा कोड़ातराई-लोहरसिंह-जोगीतराई मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी.लागत 4 करोड़ 35 लाख 82 हजार रुपये के कार्य शामिल है।

**त्रिभौना में 53 लाख 55 हजार रुपये के कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने त्रिभौना 53 लाख 55 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। यहां उन्होंने 20 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, 7 लाख की लागत से गायत्री मंडप शेड निर्माण, 16 लाख 55 हजार रुपये की लागत से गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण तथा 10 लाख की लागत से मेन रोड से पुलिया तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन कार्य शामिल है।

**प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के गृह प्रवेश और भूमि पूजन में भी हुए शामिल-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने इस दौरान पीएम आवास योजना के गृह प्रवेश और भूमिपूजन में भी शामिल हुए। वे पुष्पा सिदार पति पन्चू सिदार के गृह प्रवेश में शामिल हुए और अपनी शुभकामनाएं दीं। इसी तरह इच्छा गुप्ता के आवास निर्माण में वित्त मंत्री चौधरी शामिल हुए और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480